को प्रतिवर्ष 1,60,000 मीटरी टन अमोनिया और प्रतिवर्ष 2,40,000 मीटरी टन यूरिया के उत्पादन के लिये लाइसेंस प्राप्त है। इस आधार पर, मासिक क्षमता 13,330 मीटरी टन अमोनिया और 20,000 मीटरी टन यूरिया होगी।

(ख) केन्द्रीय सरकार द्वारा इस कारखाने को कोई वित्तीय सहायता नहीं दी गई है।

(ग) कम्पनी से आवेदन-पत्र प्राप्त होने पर, प्रति वर्ष 40,000 मीटरी टन अमोनिया तथा प्रतिवर्ष 90,000 मीटरी टन यूरिया की अतिरिक्त मात्रा के उत्पादन हेतु कारखाने के विस्तार के लिये एक आशय पत्र दिया गया था।

Agreement made by Southern Petro-Chemical Industries Corporation with Foreign Firms

4490. SHRI KRISHNA HALDER : Will the Minister of PETROLEUM AND CHEMICALS be pleased to state :

(a) whether there was any agreement signed between the Southern Petro-Chemical Industries Corporation of Madras and the Toyo Engineering Corporation, Tokyo, Japan for Rs. 12 75 crores ;

(b) if so, the main features thereof ;

(c) whether the Sonthern Petro-Chemical Industries Corporation already entered into an agreement with the Power Gas Corporation of England with regard to this ; and

(d) if so, the main features thereof ?

THE MINISTER OF PETROLEUM AND CHEMICALS (SHRI P. C. SETHI) : (a) to (d). The Southern Petro-Chemical Industries Corporation have entered into the following contracts :

(i) With Toyo Engineering Corporation of Japan for the supply of urea plant of a capacity of 1,600 tonnes per day and for a DAP plant of a capacity of 500 tonnes per day ;

(ii) With Power Gas Corporation of U.K. for the supply of ammonia plant of a capacity of 1,100 tonnes per day.

The above mentioned contracts are subject to approval of the Government of India and the respective Governments of Japan and U.K. and also of the Industrial Development Bank of India. The terms thereof cannot be disclosed.

सर्जीकल इंस्ट्रूमेंट्स प्लांट, मद्रास की उत्पादन क्षमता

4491. श्री जगन्नाथ राव जोशी : क्या पेट्रोलियम और रसायन मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत वर्ष में सर्जीकल इंस्ट्रूमेंट्स प्लांट, मद्रास की कितने प्रतिशत उत्पादन क्षमता अप्रयुक्त रही ; और

(ख) गत तीन वर्षों के लिए उपक्रम के कार्यकरण की तुलनात्मक स्थिति क्या है और इस अवधि में इसके लाभ और हानि सम्बन्धी तुलनात्मक आंकड़े क्या हैं ?

पेट्रोलियम और रसायन मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) प्रतिवर्ष औजारों की 166 किस्मों के एक विशिष्ट उत्पाद-सम्मिश्र के 2.5 मिलियन औजारों को तैयार करने के लिए संयत्र रूपांकित किया गया था। मांग की कमी के कारण औजारों की सारी किस्में तैयार नहीं की जा रही हैं। 1970-71 में वास्तविक उत्पादन 4,09,060 औजार था। इसके अतिरिक्त संयंत्र ने परिवार नियोजन के 14,152 औजार भी तैयार किये और उसी वर्ष में कुछ फुटकर कार्य-आदेशों (जाब.आर्डरज) पर भी काम किया।

(ख) गत तीन वर्षों में कम्पनी की कार्य प्रणाली के परिणाम निम्न प्रकार हैं :-

(लाख रुपयों में)

	1968-69	1969-70	1970-71 (अस्थायी)
कुल बिक्री	19.03	18,13	43.36
कुल ह्रास और ब्याज से पूर्व हानि	47.17	33.75	31,31
मूल्य ह्रास	11.36	16.18	16.23
ब्याज	32.96	37 63	37.78
मूल्य ह्रास और ब्याज सहित हानि	91,49	87.56	85.32